**प्रेस नोट**
**दिनांक 14.09.2025**

**पुलिस अधीक्षक गोण्डा के निर्देशन में देर रात्रि जनपद के समस्त राजपत्रित पुलिस अधिकारीगण व थाना प्रभारियों/चौकी प्रभारी, बीट आरक्षियों द्वारा सर्किल/थाना क्षेत्रों में रात्रि गश्त कर चेकिंग अभियान चलाया गया-**

गोण्डा। पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल के निर्देशन में दिनांक 14/15.09.2025 की देर रात्रि में जनपद के सभी राजपत्रित पुलिस अधिकारियों द्वारा अपने-अपने सर्किल क्षेत्रों तथा प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षों व चौकी/हल्का प्रभारियों द्वारा थाना क्षेत्रों में रात्रि गश्त की गई। रात्रि गश्त के दौरान संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की गहनता से चेकिंग की गई तथा आमजनमानस से संवाद स्थापित कर सुरक्षा के प्रति आश्वस्त किया गया। इस दौरान पिकेट ड्यूटी, बैंक ड्यूटी एवं अन्य सुरक्षा व्यवस्था का भी गहन निरीक्षण किया गया। ढाबों, पेट्रोल पंपों, बैंकिंग प्रतिष्ठानों व एटीएम पर विशेष रूप से चेकिंग की गई तथा वहां तैनात सुरक्षाकर्मियों को सतर्क रहने हेतु निर्देशित किया गया। ग्रामीण क्षेत्रों में स्थानीय पुलिस द्वारा प्रभावी गश्त की गई, एवं यूपी - 112 के पीआरवी वाहनों द्वारा लगातार भ्रमणशील रहकर त्वरित पुलिसिंग सुनिश्चित की जा रही है। अधिकारियों द्वारा यह सुनिश्चित किया गया कि रात्रि के समय कानून-व्यवस्था की स्थिति पूर्णतया नियंत्रित रहे और किसी भी असामाजिक/अवांछनीय तत्व को वातावरण बिगाड़ने का अवसर न मिले। इस संबंध में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों पर भी सतत निगरानी रखी जा रही है, ताकि किसी भी प्रकार की अफवाह/भ्रामक सूचना का समय रहते निराकरण किया जा सके। ग्रामीणों से संवाद के दौरान पुलिस द्वारा अपील की गई कि यदि उन्हें कोई भी संदिग्ध व्यक्ति या वाहन दिखाई देता है तो तत्काल पुलिस को 112 पर अथवा नजदीकी थाने पर सूचित करें।

**पुलिस अधीक्षक श्री विनीत जायसवाल द्वारा स्पष्ट किया गया कि जनपदीय पुलिस द्वारा यह अभियान निरंतर जारी रहेगा ताकि जनपदवासियों को सुरक्षित एवं निश्चिंत वातावरण प्राप्त हो सके।**

**मीडिया सेल, गोण्डा।**